# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 16 मार्च 2023

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

Total Short Notice Question- 8

----

### खर्च की गई राशि की जांच

*86 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2018-19 में टेम्पा योजना नहर नदी तट योजना के तहत शिवहर जिला के सिंगाही से पिपराही बांध तक बीस हजार पौधे रोपे गए मद में आठ लाख छियासी हजार छः सौ जबकि पथ तट योजना के तहत एन. एच.- 104 फतहपुर से भरहां के बीच दस हजार पौधे रोपे गये मद में सोलह लाख ग्यारह हजार छः सौ उनासी रुपये खर्च किये गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों योजनाओं में विभाग द्वारा कागजी खानापूर्ति किया गया है, कहीं भी सड़क एवं बांध के किनारे पौधारोपन नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपने स्तर से

उक्त दोनों योजनाओं में खर्च की गयी राशि की जांच कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चेकडैम का जीर्णोद्धार

*87 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद प्रखंड के परसडीह पंचायत में टेकारी नाला पर चेकडैम अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चेकडैम का जीर्णोद्धार एवं गार्डवाल की मरम्मती करवाना अति आवश्यक है;

(ग) क्या यह सही है कि गार्डवाल के दोनों तरफ कटाव तेजी से हो रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त योजना के जीर्णोद्धार हेतु DPR की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त चेकडैम का जीर्णोद्धार तथा गार्डवाल की मरम्मती करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रदूषण रोकने हेतु योजना

*88 **Mr. Sarvesh Kumar (Darbhanga Graduate):**

क्या **Environment, Forest and Climate Change** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय सबसे अधिक प्रदूषित हवा का शहर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बेगूसराय सहित अन्य जिलों में प्रदूषण रोकने के लिए सरकार की क्या योजना है ?

----

## भूस्वामियों को मुआवजे का भुगतान

*89 **Dr. Pramod Kumar (Nominated):**

क्या **Water Resources Department** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला के प्रखंड- बंशी, पंचायत- बलौरा में डाढ़ा से भगवतीपुर तक नहर बहती है;

(ख) क्या यह सही है कि अरवल जिला के पंचायत बलौरा, ग्राम कोनी- सिद्धरामपुर में पुल लगभग बनकर तैयार है लेकिन पुल का कार्य 7 वर्षों से पूर्ण न होने से आवागमन बाधित है;

(ग) क्या यह सही है कि पुल के लिए भूस्वामी अपनी जमीन देने का तैयार हैं लेकिन फिर भी भूस्वामियों को जमीन का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूस्वामियों को मुआवजे का भुगतान करके पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अपराध मुक्त कबतक

*90 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के नवनिर्वाचित तीन-तीन मुखिया की हत्या हो चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला प्रशासन कतिपय संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी कर मुख्य साजिशकर्ता, शूटर और अपराधी गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने में विफल रही है;

(ग) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले में बदस्तूर जारी हत्या, अपहरण एवं जानलेवा हमले से जनप्रतिनिधियों में दहशत व्याप्त है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बेगूसराय में हत्यारा गिरोह के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर राज्य स्तरीय एस.टी.एफ. के द्वारा जिले को अपराधमुक्त करना चाहती है?

----

## नलकूप चालू कबतक

*91 **Mr. Radhacharan Sah (Bhojpur And Buxar Local Bodies):**

क्या **Minor Irrigation** be pleased to state:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला में राजकीय नलकूपों की संख्या 514 है;

(ख) क्या यह सही है कि उनमें से अधिकतर नलकूप विभिन्न कारणों से चालू हालत

में नहीं हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिलान्तर्गत विभिन्न कारणों से बंद राजकीय नलकूपों को शीघ्र चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सुगम यातायात की व्यवस्था

*92 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के राजा बाजार स्थित बेली रोड के उत्तर में अम्बेडकर पथ से बेली रोड के दक्षिण आरा गार्डन की तरफ आने-जाने वाले वाहन सीधे फ्लाईओवर के नीचे से पाया सं०- 4 के पास क्रॉस करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस प्रकार सीधे वाहनों के रोड क्रॉस करने से हमेशा बेली रोड की दोनों लेन पर जाम की स्थिति रहती है तथा दुर्घटनाएं भी होती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि फ्लाईओवर के पाया सं०- 8 के पास यू-टर्न बना देने से वाहन सीधे रोड क्रॉस नहीं करेंगे तथा यातायात सुगम होगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उस स्थान पर यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु शीघ्र कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## शस्त्र अनुज्ञप्ति

*93 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के 70 वर्ष होने / 25 वर्ष या उससे अधिक तक शस्त्र धारण की स्थिति में उत्तराधिकारियों को अनुज्ञप्ति मंजूर करने का प्रावधान सरकारी पत्र संख्या 7 /अनु.-10-25/1020 गृह.आ. के अनुसार प्राप्त है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह गोपालगंज कैथवलिया के निवासी शस्त्रधारी कंचन प्रसाद के उत्तराधिकारियों को अनुज्ञप्ति कबतक देना चाहती है?

----